हरियाणवी संस्कृति की दिखी झलक

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को विश्वविद्यालय का प्रथम सांस्कृतिक उत्सव 'नैपुण्य-2019' का आयोजन किया गया। इसमें सांस्कृतिक और शैक्षणिक परामर्शदाता, एंबेसी ऑफ द अरब रिपब्लिक ऑफ इजिप्ट से प्रो. डॉ. मोहम्मद नाडा, साहित्य कला अकादमी से दिनेश रघुवंशी, बीकानेर वाला के मैनेजिंग डायरेक्टर रमेश अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे।

विवि के कुलपति राज नेहरू ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी। अपनी कविताओं, संगीत और नृत्य के जरिए प्रतिभागियों ने प्रदेश के इतिहास और संस्कृति को उजागर किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उत्तरदायी, वक्ता, आत्मविश्वास से भरपूर होना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध करते हैं जहां पर वे अपने हुनर को तराश सकते हैं। कार्यक्रम जहां विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करते हैं वहीं उनका मनोबल भी बढ़ाते हैं। स्टॉप सॉल एसिड की संस्थापक, महिला साहस की ब्रांड एंबेसडर लक्ष्मी अग्रवाल ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जिंदगी में कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों के बारे में बताया। ईस्ट वेस्ट ऑटोमेशन के डायरेक्टर अरविंद कौल ने विद्यार्थियों को इंडस्ट्री जगत के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रख्यात बांसुरीवादक पंडित अजय प्रसन्ना ने अपनी बांसुरी की धुनों से सभी का मन मोह लिया। छात्र कल्याण विभाग की संयोजक प्रो. ज्योति राणा ने बताया कि आयोजन में 35 प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इस मौके पर विवि के सभी प्राध्यापक और स्टाफ उपस्थित रहे।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्रा • जागरण

Scanned by CamScanner